# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–08 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग–यूपीएसएसएससी द्वारा नवचयनित एक हजार एक सौ बारह कनिष्ठ सहायकों एवं बाईस एक्स–रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति–पत्र वितरण सम्बन्धी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बड़ी संख्या में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले आठ वर्षों के दौरान मेडिकल कॉलेज की संख्या काफी बढ़ी है।

**आज उत्तर प्रदेश के अंदर सरकारी और निजी क्षेत्र को मिला कर के देखेंगे तो जो पहले चालीस मेडिकल कॉलेजेज थे जिसको बनने में सौ साल से ज्यादा लगे थे। आज उसी उत्तर प्रदेश में हम लोगों ने पिछले आठ–साढ़े आठ वर्ष में मेडिकल कॉलेजज की संख्या बढ़ा करके अस्सी से ऊपर पहुंचाने में सफल हुए हैं और आज वन ड्रिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश की पहचान बन रहे हैं।**

प्रदेश के अन्य जिलों में भी नियुक्ति पत्र वितरण सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश के जिन किसानों की फसलें बाढ़ और जलप्लावन की चपेट में आई हैं, सर्वे के बाद प्रदेश सरकार उनके नुकसान की भरपाई करेगी। वह आज सहारनपुर में पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे के आदेश दे दिए गए हैं। इससे पहले उन्होंने पड़ोसी राज्यों को भेजी जा रही राहत सामग्री के वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रदेश में गंगा, यमुना, शारदा और रामगंगा जैसी प्रमुख नदियां उफान पर हैं तथा लगभग इकतालीस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जलमग्न हो गई है। इस समय प्रदेश के लगभग अड़तालीस जिले बाढ़ की चपेट में है। इन इलाकों में राहत और बचाव कार्य जारी है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्यारह सितम्बर को वाराणसी आएंगे। अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान वह मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चन्द्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर के माध्यम से पुलिस लाइन पहुंचेंगे। पुलिस लाइन से होटल तक भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकर्ता उनकी अगवानी पुष्प वर्षा कर करेंगे। वह होटल ताज में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्रराम गुलाम के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी**

इससे पहले दस सितंबर की शाम को ही मॉरीशस के प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंच जाएंगे। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल वाराणसी में उनका स्वागत करेंगी।

**********

स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दिवाली से पहले अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। अधिक सक्षम और जनहितैषी अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का यह वादा तीन सितंबर को पूरा हुआ, जब जीएसटी परिषद ने आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुये दरों को तर्कसंगत बनाने की मंजूरी दी। आम आदमी पर केंद्रित जीएसटी सुधार बाईस सितम्बर से लागू होंगे। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव के अंतर्गत सौर कुकर, सौर पैनल, पवनचक्की, बायोगैस प्लांट और कचरे से ऊर्जा बनाने वाले सिस्टम पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। कोयला और लिग्नाइट पर जीएसटी 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, ताकि उद्योग हरित ऊर्जा का इस्तेमाल करें। हालांकि इलेक्ट्रिक वाहन अभी भी 5 प्रतिशत जीएसटी के अंतर्गत ही रहेंगे, ताकि साफ और हरित परिवहन को बढ़ावा मिले। उद्योगपतियों ने इन जीएसटी सुधारों को संतुलित और सही कदम बताया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जीएसटी परिषद के सुधारों को हरित भारत के लिए जीएसटी सुधार कहा है। ईशानी यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

कल रात लगे इस वर्ष के आखिरी पूर्ण चंद्रग्रहण के बाद आज सुबह लोगों ने प्रदेश की विभिन्न पवित्र नदियों में स्नान और पूजा पाठ किया। इसी क्रम में, अयोध्या में ग्रहण के कारण कल दोपहर बाद बंद किए गए श्रीराम मंदिर के कपाट आज खोल दिए गए। सरयू स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में चौदह सितम्बर तक कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार आगामी चौबीस घंटों में पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

**********